**प्रेस नोट**

**दिनांक 02.10.2025**

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती:-

आज दिनांक 02 अक्तूबर 2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती अवसर पर पुलिस लाइन हमीरपुर में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा दोनों महान व्यक्तित्वों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगण को उनके आदर्शों, सिद्धांतों एवं जीवन मूल्यों पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जनपद हमीरपुर के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना परिसरों में महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुलिस बल को सत्य, अहिंसा, सादगी एवं ईमानदारी के मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गांधी जी एवं शास्त्री जी के आदर्श ही समाज में शांति, एकता और समरसता की वास्तविक आधारशिला हैं तथा इनका अनुसरण ही राष्ट्र को सशक्त और उन्नत बनाने का मार्ग है।

साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले उ0नि0 नरेद्र कुमार यादव एवं उ0नि0 सूर्यकेश पाण्डेय को पुलिस महानिदेशक का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह व प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया ।





